

## एक नजर में

### स्वतंत्रता दिवस की राजीव गांधी खेल परिसर में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई



**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी क्रीड़ा परिसर में 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके लिये कई दिनों से चल रही परेड की आज सुबह 9 बजे से क्रीड़ा परिसर में फाइनल रिहर्सल हुई। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बघेल ने संयुक्त रूप से इस फाइनल रिर्हसल का अवलोकन किया। प्रात- 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, उसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रात: 9-10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात परेड द्वारा हर्ष फायर, मार्च फास्ट किया। सबसे पहले विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, सीनियर एनसीसी डिवीजन पुरुष, सीनियर एनसीसी डिवीजन महिला, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सैनिक स्कूल मंदसौर, एनसीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, एनसीसी सेंट थॉमस स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल एनसीसी गर्ल्स, उत्कृष्ट स्कूल स्काउट, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल गाइड दल, रेड क्रॉस दल, शौर्य दल प्लाटून और पुलिस बैंड का प्रदर्शन देखा गया। तत्पश्चात प्रात: 10.10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ जे.के. जैन द्वारा किया। इस मौके पर अन्य जिलाधिकारी व पत्रकार मौजूद थे।

### प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रात: 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 के अवसर पर राजीव गांधी क्रीड़ा परिसर में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा तथा मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। प्रात: 9-10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्लाटून प्रदर्शन के बाद प्रात: 9-25 से 9-55 बजे तक मुख्यमंत्री द्वारा संदेश वाचन का लाइव प्रसारण देखा और सुना जाएगा। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा संक्षिप्त बधाई संदेश का वाचन किया जाएगा। प्रात: 10.15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा प्रात: 10-40 बजे पुरुस्कार वितरण होगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय भवनों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात रोशनी करने के दिए निर्देश

**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश में स्थित सभी मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की ईमारतों तथा सभी शासकीय भवनों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात में रौशनी करने की व्यवस्था की जाये। राज्य शासन इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों, कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिये है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने शासन के निर्देश का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## गुइलैन-बैरे सिंड्रोम की गहन जांच पड़ताल करें : कलेक्टर

- स्वास्थ्य विभाग आसपास के 6 गांवों में घर-घर जाकर सर्वे करें
- केंद्र एवं राज्य सरकार के स्वास्थ्य दलों के साथ बैठक संपन्न



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार का केंद्रीय दल एवं राज्य सरकार के स्वास्थ्य दलों के साथ गुइलैन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के संबंध में एक विशेष बैठक कलेक्ट्रेट चेंबर में आयोजित की गई।** बैठक के दौरान बताया गया कि, गुइलैन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) एक दुर्लभ और गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नसों पर हमला करती है, जिससे मांसपेशियों की कमजोरी और पक्षाघात होता है। जीबीएस के लक्षण में मुख्य रूप से मांसपेशियों की कमजोरी या पक्षाघात, हाथों और पैरों में झुनझुनी या सुन्नता, दर्द या असहजता, संतुलन और समन्वय में समस्या, सांस लेने में कठिनाई होने लगती है। जीबीएस अक्सर एक वायरल संक्रमण के बाद विकसित होता है, जैसे कि श्वसन या पाचन तंत्र का संक्रमण। बैठक के दौरान डॉ. नवीन छरंग, अतिरिक्त निदेशक, एनसीडीसी अलवर शाखा (टीम लीड), डॉ. नरेंद्र आर्य, सहायक प्रोफेसर, एबीवीआईएमएस एवं डॉ. आरएमआई- अस्पताल नई दिल्ली, डॉ. गीतांजलि, निदेशक, एनएफएल कोलकाता, डॉ. विजय कुमार तेवतिया, संयुक्त आयुक्त (एएच), डॉ. विजय नेमा, वैज्ञानिक-एफ, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच, जबलपुर, जल शक्ति मंत्रालय के प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जीएस चौहान, जिला आईएसडीपी टीम मौजूद थे।

> केंद्रीय एवं राज्य के दलों द्वारा बताया गया कि मुल्तानपुरा, भूनिया खेड़ी, संजीत नाके क्षेत्र में पानी और अन्य पदार्थ की लगातार जांच की जाए। पूरे एरिया को सेनीटाइज करें। वहां से होने वाली जितनी भी सप्लाई हैं, उसको वर्तमान में रोक दिया जाए, सभी लोग पानी उबाल के पीए, लोगों जागरूक करें। लोगों को अगर शरीर में कमजोरी लगे तो तुरंत अस्पताल या डॉक्टर को बताएं और जांच कराए। पानी के टैंकरों की लगातार साफ सफाई हो, जहां पर पोल्ट्री फार्म है, उसके आसपास गंदगी ना हो, फार्म के आसपास में पानी का स्रोत न हो, पानी के स्रोत की प्रॉपर पैकिंग की जाए। पानी के स्रोत में क्लोरीन टैबलेट डाली जाए। क्लोरीन टैबलेट स्वास्थ्य विभाग पर्याप्त मात्रा में लोगों को उपलब्ध करवाए। दलों ने सस्पेक्ट लोगों से मुलाकात की, उन सभी घरों में सर्व किया। लोगों के ब्लड सैंपल लिया। सभी सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचई विभाग मिलकर आसपास के गांव में घर-घर जाकर सर्वे करें। पानी के स्रोत, खाने के स्रोत अन्य स्त्रोतों की जांच करें। इस कार्य में आशा एवं एएनएम को भी लगाए।

## बड़े महादेव पार्किंग ठेका निरस्त, ठेकेदार 3 वर्ष के लिए प्रतिबंधित

**भानपुरा। मंदसौर जिले के भानपुरा स्थित प्रसिद्ध बड़ा महादेव मंदिर पर आने वाले पर्यटकों की वाहन पार्किंग व्यवस्था का ठेका शेष राशि न जमा करने और अवैध वसूली की शिकायतों के चलते निरस्त कर दिया गया है।** वन विभाग अधिकारी अंकित भदोरिया ने बताया कि ग्राम वन कातना समिति के तत्वावधान में यह ठेका 11 जुलाई से 18 अगस्त 2025 तक के लिए जयेश राठौर निवासी भानपुरा को 1,86,000 में दिया गया था। ठेकेदार ने 1,43,000 ही जमा किए और शेष 43,000 जमा करने में असमर्थता जताई। निर्धारित समय सीमा में राशि न देने पर ठेका 12 अगस्त को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। पूर्व में भी जयेश राठौर पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली के आरोप लगे थे। सोशल मीडिया और शिकायतों के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहिया वाहन के लिए 10 की जगह 20 और चारपहिया वाहन के लिए 30 की जगह 50 तक वसूले जा रहे थे। इस पर वन विभाग ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।



## पुलिस ने निकाली हर घर तिरंगा वाहन रैली

- जिलेवासियों को घर-घर तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित

**मंदसौर। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंदसौर पुलिस द्वारा मंगलवार 13 अगस्त को पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के नेतृत्व में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य जिलेवासियों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना और आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को स्मरण करना था।**

रैली पीजी कॉलेज ग्राउंड से प्रारंभ होकर श्री कोल्ड, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर, सदर बाजार, मंडी गेट, प्रतापगढ़ पुलिया, धानमंडी उतारा, नयापुरा रोड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, गुप्ता कचोरी होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, रक्षित निरीक्षक, सभी शहरी थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी, सूबेदार सहित पुलिस बल और हृष्ट कैडेट्स मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं।




## शारदा पब्लिक स्कूल में छात्र संघ चुनाव संपन्न, साधना खोहिवार बनी अध्यक्ष

**पिपलियामण्डी।** शारदा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को छात्र संघ चुनाव उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए।

बच्चों के सर्वांगीण विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत इस चुनाव में पहले सभी कक्षाओं के कक्षा मॉनिटर (क्लास रिप्रेजेंटेटिव) का चयन किया गया। इसके बाद अध्यक्ष पद हेतु विधिवत मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष साधना खोहिवार, उपाध्यक्ष अवनी राठौर, सचिव निहारिका माली, कोषाध्यक्ष स्नेहा सारस्वत, माही राठौड़, युवराजसिंह, प्रीतम सैनी चुके गए।

संस्था प्राचार्य ओमप्रकाश गेहलोत ने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से विश्वास जताया कि नवगठित छात्र संघ संस्था एवं विद्यार्थियों के विकास में अहम योगदान देगा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में लोकतंत्र, जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने वाले कई कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

**एक नजर** — गांव सोनगरा के एक खेत में किशोर नीम के पेड़ पर फंदे से झूलता मिला

## 17 वर्षीय किशोर ने पेड़ पर फांसी लगाई, पिता भी पहले ही कर चुके थे आत्महत्या

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी। गांव सोनगरा में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के एक खेत में 17 वर्षीय किशोर का शव नीम के पेड़ पर फंदे से झूलता मिला। हैरानी की बात यह है कि किशोर के पिता ने भी मात्र ढ़ाई माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी।**




जानकारी के मुताबिक, मृतक विकास पिता आत्माराम बंजारा सोमवार को घर से निकला था और रातभर वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सुबह रंगलाल बागरी अपने खेत में प्याज की फसल की सिंचाई करने पहुंचे तो नीम के पेड़ पर लटका शव देखकर सन्न रह गए। उन्होंने तुरंत गांव और पुलिस को सूचना दी। मौके पर नारायणगढ़ पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों ने बताया कि विकास मजदूरी करता था और मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलता था। घर में आर्थिक तंगी थी और पिता की मौत के बाद परिवार मानसिक दबाव में था। सोशल मीडिया पर विकास की एक पोस्ट भी वायरल हुई है, जिसमें उसने लिखा आई मिस यू पापा, मैं आ रहा हूं आपके पास।

> गौरतलब है कि ढ़ाई माह पहले विकास के पिता आत्माराम बंजारा ने रंजिश के चलते विषाक्त पदार्थ सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। घर में अब विकास का छोटा भाई और मां रह गए हैं। टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव कारण हो सकते हैं। ऑनलाइन गेम के एंगल पर भी जांच की जाएगी।

# नीमच

## एक नजर में

### 15, 16 व 20 अगस्त को नीमच में मांसाहार विक्रय बंद रहेगा

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश शासन के आदेश अनुसार दिनांक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी व 20 अगस्त को पर्युषण प्रारंभ होने से 15, 16 और 20 अगस्त को नीमच शहर में मांसाहार विक्रय पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त दिनांक को नगरीय क्षेत्र नीमच के समस्त मांसाहारी खाद्यान्न सामग्री विक्रयकर्ता एवं मीट, मटन, मछली, चिकन, अंडा विक्रेता तथा स्लाटर हाउस संचालक अपने संस्थान बंद रखकर किसी भी प्रकार की मांसाहारी सामग्री का विक्रय नहीं करें। संस्थान खुला पाए जाने या मांसाहारी सामग्री का विक्रय पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### कुकडेश्वर में तिरंगा रैली आयोजित



**नीमच।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान तहत मंगलवार को नगर कुकडेश्वर में न.पा.अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा,उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली उज्जवल पटवा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमल सिंह परमार, श्री मदन रावत,एवं समस्त पार्षदगणों, जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक शिक्षक-शिक्षिकाओं एंव छात्र-छात्राओं ने नगर परिषद प्रांगण से तिरंगा रैली आयोजित की, जो प्रमुख मार्गो से होती हुई, शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर, विशाल रैली का समापन हुआ।

### जावद में तिरंगा रैली आयोजित




**नीमच।** जन अभियान परिषद द्वारा जावद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली आयोजित की गई। इस अवसर पर तिरंगे के सम्मान में सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों ने नारे लगवाए। राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण एवं सम्मान के लिए प्रेरित किया। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में श्री संजीव शर्मा, प्राचार्य श्री दीपक सुरागी आदि उपस्थित थे।

### रोगी कल्याण समिति की कार्यकारणी समिति की बैठक आज

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय नीमच की कार्यकारणी समिति की बैठक आज 14 अगस्त 2025 को दोपहर तीन बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में सभी समिति सदस्यों से उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का जोश, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

- सांसद-विधायक सहित अनेक गणमान्य हुए शामिल



**मनासा। नगर में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकली। रामपुरा नाके से प्रात: 11 बजे सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार भाजपा जिलाध्यक्ष वंदन खंडेलवाल, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविश कादरी आदि की उपस्थिति में यात्रा शुरू हुई।** हे जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण देश भक्ति गीतो पर झूमते हुए चल रहे थे। कन्याशाला स्कूल की छात्राओं के हाथों में 51 फीट लंबा तिरंगा था। नगर में विभिन्न जगह यात्रा सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने पूष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। नीमच नाका कारगील चौक पर यात्रा का समापन हुआ। यहां सांसद गुप्ता, विधायक मारू एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर कारगील चौक पर तिरंगा फहराया। सांसद गुप्ता ने कहा आपकी उपस्थिति न केवल यात्रा की शोभा बढ़ाई बल्कि देश के प्रति हमारे अटूट प्रेम और एकता का संदेश भी दिया। हम सब मिलकर तिरंगे की शान और देशभक्ति की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।

> विधायक मारू ने कहा यह यात्रा हमारे देश के वीर सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। आप सभी नगरवासियों, सामाजिक संस्थाओं, गणमान्यजनों, पदाधिकारियों और युवाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाया और राष्ट्रभक्ति की इस गंगा में डुबकी लगाई। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी ने बताया यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना और युवाओं में देशप्रेम जगाना था। समापन पर नगर परिषद द्वारा यात्रा में शामिल बच्चों और नागरिकों के लिए स्वल्पाहार की व्यववस्था की गई।

## द्वितीय किश्त का वितरण आज

**नीमच। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल राशि 6 हजार रूपये तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। हितग्राही परिवारों को योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 की द्वितीय किस्त का वितरण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा आज 14 अगस्त 2025 को जिला मण्डला से किया जावेगा।**

इस कार्यक्रम में माननीय विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ब्लाक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर, बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

जिले के सभी हितग्राही वेबसाइट लिंक https://webcast.gov.in/mp/cmevents के माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम को देख व सुन सकेंगे। इस कार्यक्रम के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक नोडल अधिकारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत होंगे।



## भादवामाता में जयतु भारतम जयतु संस्कृतम् उद्घोष के साथ निकली तिरंगा यात्रा

**नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नीमच ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत भादवमाता में श्री राजराजेश्वरी वेद पाठशाला के वेदपाठी विद्यार्थियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।** पाठशाला से शुरू हुई तिरंगा यात्रा ग्राम भादवमाता में भ्रमण कर पुन:पाठशाला पर आकर समापन हुआ। यात्रा में वेदपाठी विद्यार्थी और आचार्यगणों ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए नारे लगाए। हर घर तिरंगा विद्यार्थी संवाद में जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान संबंधी जानकारी दी।

इस मौके पर वेदपाठशाला के प्राचार्य विकास शर्मा, सचिव ओमप्रकाश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह चौहान, आचार्यगण उपस्थित थे।



## डीकेन में तिरंगा रैली आयोजित व मानव श्रृंखला बनाई

**नीमच।** शासन के निर्देशानुसार 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत तीसरे चरण में कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने, हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा बाइक रैली, मानव श्रृंखला आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हर्षोउल्लास के साथ आम नागरिकों, विद्यालयों तथा शासकीय संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को डीकेन में नगर परिषद डीकेन द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा रैली आयोजित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीकेन द्वारा तिरंगा रंगोली व मानव श्रृंखला बनाई गई। तिरंगा यात्रा में पुलिस चौकी प्रभारी श्री गोपाल तानन, संकुल प्राचार्य श्री आजाद भावेल, डीकेन के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अब्दुल रऊफ खान व निकाय के सभी कर्मचारी, पुलिस चौकी के सभी कर्मचारी तथा आम नागरिक उपस्थित थे।

**एक नजर** — जिला पंचायत सीईओ की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह का अतिम पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) संपन्न

## नीमच में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण

नवभारत न्यूज

**नीमच। जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 नीमच के मैदान पर आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) बुधवार को शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 के मैदान पर सम्पन्न हुआ।** जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एएसपी नवलसिह सिसोदिया ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाली परेड के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। मुख्य समारोह में एसएएफ, जिला पुलिस बल पुरूष एवं जिला पुलिस महिला बल, वन विभाग, एनसीसी, स्काउडट, शौर्या दल एवं होमगार्ड,जिला पुलिस बैंड एवं सी.आर.पी एफ बैंड की टुकडी भाग लेगी।



मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर हिमांशु चंद्रा 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस को प्रात- 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगें।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास के तहत जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एएसपी श्री नवलसिह सिसोदिया के साथ जीप पर सवार होकर परेड़ का निरीक्षण किया और परेड कमाण्डरो से परिचय प्राप्त किया। रिहर्सल में विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामुहिक पी.टी.प्रदर्शन भी किया तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्तिपूर्ण सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम श्री संजीव साहू व जिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश वाचन का भोपाल से सीधा प्रसारण भी नीमच के समारोह में किया जावेगा।